



Scanned with CamScanner



# 1 मेरा देश

**हमें पता है**

हमारा देश भारत दुनिया के सब देशों से सुंदर है। नदी, पहाड़, झरनों ने इसे सजाया है। हम देशवासियों के आपसी प्रेमभाव और एकता ने इसे सँवारा है।

**आओ सोचें**

ज़रा सोचिए कि अपने देश को और आगे बढ़ाने में हम क्या सहयोग कर सकते हैं।



मेरा देश सलोना[1] देश,
सचमुच सोना-चाँदी देश।

पर्वत[2]-घाटी वाला देश,
सोंधी माटी[3] वाला देश।
मीठे झरनों वाला देश,
जग[4] में बहुत निराला देश।

आगे-आगे बढ़ता देश,
नहीं किसी से लड़ता देश।
मेरा देश सलोना देश,
सचमुच सोना-चाँदी देश।

प्यारों से भी प्यारा देश,
न्यारों[5] से भी न्यारा देश।
ज्यों आँखों का तारा[6] देश,
मेरा और तुम्हारा देश।

शब्दार्थ – 1. सुंदर 2. पहाड़ 3. बारिश के बाद मिट्टी से आने वाली खुशबू 4. संसार 5. अलग तरहों का 6. बहुत प्यारा



Scanned with CamScanner

जग को राह[1] दिखाता देश,
गीत प्यार के गाता देश।
मेरा देश सलोना देश,
सचमुच सोना-चाँदी देश।

पावन[2] इसे बनाती गंगा,
ऊँचा रखता इसे तिरंगा।
विश्व-शांति है इसका नारा,
ऐसा भारतवर्ष हमारा।

काम अनोखे[3] करता देश,
नित-नित नया निखरता[4] देश।
मेरा देश सलोना देश,
सचमुच सोना-चाँदी देश।

**–शेरजंग गर्ग**



**हमने सीखा–** इस कविता से हमने अपने देश को प्यार करना और उसपर गर्व करना सीखा। साथ ही यह भी जाना कि भारत विश्व शांति का समर्थक है।



**शब्दार्थ –** 1. रास्ता 2. पवित्र 3. निराले 4. और सुंदर होते जाना

# अभ्यास

## कविता की समझ (Comprehension Skills)

* Listing and Writing Skills
* MCQs
* Oral Expression
* Fill in the Blanks
* Written Expression

1. श्रुतलेख

सलोना    चाँदी    सोंधी    न्यारा    प्यार

2. कविता के अनुसार सही विकल्प पर निशान (✓) लगाइए–

(क) हमारे देश की मिट्टी कैसी है?

(अ) कड़वी ☐    (ब) मीठी ☐    (स) सोंधी ☐

(ख) देश को बहुत प्यारा बताने के लिए इसे कहा गया है–

(अ) आसमान का तारा ☐    (ब) आँखों का तारा ☐    (स) चाँद का तारा ☐

(ग) यह हमारे देश को पावन बनाता/बनाती है–

(अ) गंगा ☐    (ब) हिमालय ☐    (स) एकता ☐

3. इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) कवि ने देश को कैसा बताया है?

(ख) सोना-चाँदी से किसकी तुलना की गई है?

4. कविता की अधूरी पंक्तियाँ पूरी कीजिए–



पर्वत-घाटी ____________

____________ वाला देश।

मीठे झरनों ____________

____________ निराला देश।

5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) देश को सलोना क्यों कहा गया है?

____________________________________________

____________________________________________

(ख) देश की प्रकृति के बारे में कविता में क्या बताया गया है?

____________________________________________

____________________________________________



Scanned with CamScanner

(ग) हमारे देश का नारा क्या है? उसका क्या अर्थ है?

______

______

(घ) हमारा देश नित-नित नया कैसे निखरता जा रहा है?

______

______

## मूल्यपरक प्रश्न (Values and Life Skills)

(क) अच्छे काम करके आप भी देश को आगे बढ़ा सकते हैं। बताइए, इसके लिए आप क्या करेंगे।

(ख) यदि आपको रास्ते में कहीं 'जन-गण-मन' गीत सुनाई दे जाए तब आपको क्या करना चाहिए?

## भाषा की समझ (Language and Vocabulary Skills)

- New Word Formation
- Pair Words
- Noun
- 'अनुस्वार' and 'चंद्रबिंदु'

**1. पहला वर्ण बदलकर नए शब्द बनाइए–**

(क) गीत – **मीत** (ख) घाटी – ______

(ग) जग – ______ (घ) देश – ______

(ङ) गाता – ______ (च) इसका – ______

2. कुछ शब्द जोड़े में भी बोले या लिखे जाते हैं। शब्दों के ऐसे जोड़ों को **शब्द-युग्म** कहते हैं।
**आप भी पाठ में से ऐसे ही जोड़े वाले चार शब्द चुनकर लिखिए–**

(क) ______ (ख) ______

(ग) ______ (घ) ______

3. कुछ शब्द किसी का नाम बताते हैं। ऐसे शब्द **संज्ञा** कहलाते हैं।
**इन वाक्यों में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए–**

(क) हमारा देश निराला है। ______

(ख) यहाँ कई पर्वत हैं। ______

(ग) यहाँ पवित्र गंगा बहती है। ______

(घ) भारतवर्ष सबसे प्यारा है। ______



Scanned with CamScanner

4. जब किसी स्वर का उच्चारण नाक से किया जाता है तो वहाँ **अनुस्वार** 'अं' के चिह्न ( ं ) का प्रयोग होता है। जैसे– गंगा, तिरंगा आदि।

जिन ध्वनियों के उच्चारण में हवा मुख और नाक दोनों से निकलती है, उन्हें **अनुनासिक** 'अँ' कहते हैं। इसका चिह्न चंद्रबिंदु ( ँ ) होता है। जैसे– आँख, चाँदी आदि।

**अब आप अनुस्वार और चंद्रबिंदु वाले तीन-तीन शब्द लिखिए–**

अनुस्वार (अं - ं) – ________ ________ ________

अनुनासिक (अँ - ँ) – ________ ________ ________

## गतिविधियों के आयाम (Dimension of Activities)


* Pictorial Literacy
* Creative Skill

### 1. हमारे राष्ट्रीय प्रतीक

बॉक्स में राष्ट्रीय प्रतीकों के चित्र चिपकाइए तथा उनके नाम लिखिए–

| राष्ट्रीय पशु | राष्ट्रीय पक्षी | राष्ट्रीय फूल |
|---|---|---|
| ________ | ________ | ________ |

### 2. आओ बनाएँ तिरंगा



| एक सीधी रेखा खींचिए। | सीधी रेखा के सामने चार आड़ी रेखाएँ खींचिए। | चार आड़ी रेखाओं के सामने एक सीधी रेखा खींचिए। | अब बीच में चौबीस तीलियों का एक नीला चक्र बनाइए। |
|---|---|---|---|

अब इसमें रंग भरकर तिरंगा बनाइए। साथ ही, अपने अध्यापक/अध्यापिका जी से इन रंगों तथा चक्र के महत्व जानिए।



Scanned with CamScanner



# 2 नन्ही की डायरी

**हमें पता है**

डायरी में हर दिन की घटनाओं के बारे में हम क्या महसूस करते हैं, उनका हम पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह लिखा जाता है। परंतु, डायरी में झूठ के लिए कोई जगह नहीं होती।


**आओ सोचे**

यदि हम भी हर दिन होने वाली घटनाओं को डायरी में लिखने लगें, तो इससे क्या लाभ होगा?

दिनांक – 7 अप्रैल 20....

समय – रात 8 बजे

आज का दिन भी बाकी दिनों की तरह ही शुरू हुआ था। मैं सुबह उठी। व्यायाम किया। नहा-धोकर नाश्ता किया और स्कूल जाने के लिए घर से निकल गई। अभी हमारी स्कूल बस कुछ ही दूर चली थी कि बस का टायर पंक्चर[1] हो गया। यह सुनसान[2] रास्ता था। यहाँ से कुछ दूरी पर जंगल था। हम सब थोड़े-से घबरा गए। ड्राइवर अंकल को भी डर लग रहा होगा। फिर भी, उन्होंने हमारी हिम्मत बढ़ाई। वे टायर देखने के लिए नीचे उतरे ही थे कि जंगल से निकलकर शेर का एक छोटा-सा बच्चा सड़क पर आ गया। अभी कोई कुछ समझ भी नहीं पाया







शब्दार्थ – 1. गाड़ी के टायर या ट्यूब में छोटा-सा छेद होना 2. जहाँ कोई न हो

था कि वह बस के दरवाज़े के समीप[1] खड़ा हो गया और आश्चर्य से हम सबको देखने लगा। हम सब तो इतने घबरा गए कि किसी के मुँह से आवाज़ ही नहीं निकली। मेरी सीट से अगली सीट पर नीति बैठी थी। वह डर के मारे ज़ोर-से चीख पड़ी। उसकी चीख सुनकर शेर का बच्चा शायद घबरा गया। वह तेज़ी से जंगल की ओर भाग गया।

अब ड्राइवर अंकल ने पंक्चर ठीक कराने की बात छोड़ी और उन्होंने जल्दी से अपनी सीट पर बैठ बस को ही दौड़ा दिया। हम सबने ईश्वर को धन्यवाद दिया। यह बहुत ही रोमांचक[2] अनुभव था।

मैंने स्कूल से लौटकर माँ को सारी बातें बताईं। माँ ने मुझे सीने से लगा लिया और मेरी रक्षा करने के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। अब कलम रखती हूँ, मेरा भाई नितिन खाना खाने के लिए इंतज़ार कर रहा है।



शब्दार्थ – 1. नज़दीक 2. जब डर के कारण रोंगटे खड़े हो जाएँ

हमने सीखा– इस पाठ से हमने ईमानदारी से डायरी लिखना तथा मुसीबत में भी धैर्य बनाए रखना सीखा।



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## पाठ की समझ (Comprehension Skills)

- Listening and Writing Skills
- MCQs
- Oral Expression
- Fill in the Blanks
- True and False
- Written Expression

**1. श्रुतलेख**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| व्यायाम | ड्राइवर | हिम्मत | आश्चर्य | नाश्ता |
| धन्यवाद | रोमांचक | लौटकर | ईश्वर | पंक्चर |

**2. पाठ के अनुसार सही विकल्प पर निशान (✓) लगाइए–**

(क) जहाँ बस रुकी, वहाँ से कुछ दूरी पर ____________ था।

(अ) जंगल ☐ (ब) चिड़ियाघर ☐ (स) स्कूल ☐

(ख) किसका बच्चा सड़क पर आ गया था?

(अ) शेर का ☐ (ब) भालू का ☐ (स) हाथी का ☐

(ग) नन्ही ने सब बातें किसे बताईं?

(अ) दादी को ☐ (ब) माँ को ☐ (स) पापा को ☐

**3. इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

(क) डायरी का पन्ना कौन-सी तारीख का है?

(ख) स्कूल की बस क्यों रुक गई थी?

**4. उचित शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–**

(क) ____________ का टायर पंक्चर हो गया था। (कार / बस)

(ख) नीति की ____________ सुनकर शेर का बच्चा घबरा गया। (चीख / भीख)

(ग) शेर का बच्चा ____________ से निकलकर सड़क पर आ गया था। (जंगल / घर)

(घ) नन्ही ने घर लौटकर सारी बातें ____________ को बताईं। (बहन / माँ)

(ङ) नन्ही के भाई का नाम ____________ है। (जतिन / नितिन)

**5. सही कथन पर (✓) तथा गलत कथन पर (✗) लगाइए–**

(क) डायरी में कहानियाँ लिखी जाती हैं। ☐

(ख) नन्ही बस से स्कूल जा रही थी। ☐

(ग) शेर का बच्चा नीति पर झपट पड़ा। ☐

(घ) ड्राइवर अंकल ने पंक्चर ठीक करने के बाद बस को दौड़ा दिया। ☐

(ङ) माँ ने नन्ही की रक्षा के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। ☐





Scanned with CamScanner

इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) नन्ही का दिन किस प्रकार शुरू होता था?

___

___

(ख) बस में क्या खराबी आई थी?

___

___

(ग) बस में बैठे बच्चे क्यों डरे हुए थे?

___

___

(घ) नन्ही की माँ ने क्या किया?

___

___

## मूल्यपरक प्रश्न (Values and Life Skills)

(क) सभी बच्चों ने धीरज और साहस से काम लिया। अगर वे ज़्यादा चीखते-चिल्लाते या भगदड़ मचाते, तो शायद मुसीबत और बढ़ सकती थी। यदि नन्ही की जगह आप होते तो क्या करते?

(ख) नन्ही ने लौटकर सब कुछ अपनी माँ को बताया। यह बहुत अच्छी बात है। हमारे साथ जो कुछ भी घटना घटे, हमें वह सब तुरंत अपने माता-पिता या अभिभावक को ज़रूर बताना चाहिए। क्या आप प्रतिदिन की छोटी-बड़ी घटनाएँ अपने माता-पिता या अभिभावक को बताते हैं?

## भाषा की समझ (Language and Vocabulary Skills)

- Gender
- Opposite Words
- Compound Words
- Proper Noun

1. कुछ शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, वे **पुल्लिंग** कहलाते हैं। कुछ शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे **स्त्रीलिंग** कहलाते हैं।

अब आप लिखिए कि निम्नलिखित शब्द पुल्लिंग हैं या स्त्रीलिंग–

| | |
|---|---|
| (क) माँ – ______ | (ख) शेर – ______ |
| (ग) बच्चा – ______ | (घ) लड़का – ______ |
| (ङ) ईश्वर – ______ | (च) लड़की – ______ |





Scanned with CamScanner

2. एक-दूसरे का उलटा अर्थ देने वाले शब्दों को **विलोम शब्द** कहते हैं।

अब आप इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) सुबह × शाम (ख) नीचे × ________

(ग) अंदर × ________ (घ) आज × ________

(ङ) अगली × ________ (च) दूर × ________

3. इन संयुक्ताक्षरों वाले शब्द पाठ में से चुनकर लिखिए–

(क) व्य – ________ (ख) स्क – ________

(ग) श्त – ________ (घ) क्त – ________

(ङ) म्म – ________ (च) ड्र – ________

(छ) श्व – ________ (ज) न्य – ________

4. कुछ नाम किसी विशेष व्यक्ति, प्राणी, वस्तु या स्थान का बोध कराते हैं। ऐसे ना **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहलाते हैं।

इन नामों में से जो व्यक्तिवाचक संज्ञा पाठ में आए हैं, उनपर गोले (○) बनाइए–

जंगल बच्चा नन्ही बस
सड़क माँ शेर नितिन ड्राइवर नीति
घर ईश्वर

## गतिविधियों के आयाम (Dimension of Activities)

1. **कल्पना शक्ति**

* Verbal Literacy
* Writing Skills
* Research based
Creative Skills

(क) पाठ में शेर का ज़िक्र आया है। अनुमान लगाइए कि नन्ही किस क्षेत्र की रहने वाली होगी तथा उसका विद्यालय कहाँ स्थित होगा?

(ख) क्या आप भी डायरी लिखते हैं? अपनी एक दिन की डायरी लिखकर शिक्षक/शिक्षिका को दिखाइए।

2. **नक्शा बनाइए**

अपने घर से स्कूल तक के रास्ते का एक नक्शा बनाइए। इस रास्ते में कौन-कौन-से प्रमुख स्थल, जैसे– कोई अस्पताल, थाना, मंदिर, जंगल, बाज़ार आदि आते हैं, उन्हें भी दर्शाइए। आप इस काम में अपने माता-पिता की मदद ले सकते हैं।



Scanned with CamScanner



# 3 असली मीर – नकली मीर


**पता है**

बीरबल के पास बड़ी-से-बड़ी समस्या का भी समाधान होता था। वे बहुत ही बुद्धिमान थे इसीलिए उन्हें अकबर के नवरत्नों में स्थान प्राप्त था।

**आओ सोचें**

अगर संसार में हथियारों का प्रयोग न करके लड़ाइयाँ पूरी तरह बुद्धि के बल पर ही लड़ी जाएँ, तो इसका हमारी दुनिया पर कैसा असर होगा?

बादशाह अकबर के दरबार में एक दिन अमीर मीर अली को लेकर शहर के कोतवाल[1] साहब हाज़िर हुए। मीर अली के साथ एक और आदमी था, जिसकी वेशभूषा[2] भी मीर अली की तरह ही थी। दोनों अपने आप को असली मीर अली बता रहे थे और एक-दूसरे को अपना धोखेबाज़[3] नौकर बता रहे थे, जो दस वर्ष पहले अपने मालिक की दौलत लेकर भाग गया था। कोतवाल साहब ने दोनों को सड़क पर बुरी तरह झगड़ते देखा था। वे असली-नकली मीर अली का फ़ैसला नहीं



शब्दार्थ – 1. थानेदार 2. पहनावा 3. धोखा देने वाला




Scanned with CamScanner

कर पाए थे इसीलिए उन्हें दरबार में ले आए थे। बादशाह अकबर भी उन दोनों को देखकर उलझन में पड़ गए। उन्होंने बीरबल से पूरा मामला समझकर इसका हल[1] निकालने के लिए कहा।

बीरबल बोले, "इस मामले को हल करना तो बहुत आसान है।" इतना कहकर बीरबल उन दोनों को जल्लाद[2] के पास ले गए। वहाँ गरदन काटने के लिए एक खिड़की बनी हुई थी। उन्होंने जल्लाद से कहा, "तुम खिड़की के बाहर खड़े रहो जैसे ही मैं कहूँ, तुम नकली मीर अली की गरदन काट देना।"

बीरबल ने उन दोनों को आँखें बंद करके अपनी-अपनी गरदन खिड़की से बाहर करने के लिए कहा। जैसे ही उन दोनों ने अपनी-अपनी गरदन बाहर निकाली, बीरबल बोले, "तुरंत नकली मीर अली की गरदन काट दो।"

नकली मीर अली यानी नौकर ने तुरंत अपनी गरदन अंदर कर ली। वह पकड़ा गया। असली और नकली मीर अली की पहचान हो गई। वास्तव में, जल्लाद किसी की गरदन काटने वाला था ही नहीं। नकली मीर अली बने नौकर को चोरी और धोखेबाज़ी के आरोप में कैद कर लिया गया। असली मीर अली ने बादशाह अकबर को धन्यवाद दिया और अपने शहर अलीगंज को लौट गया।



**हमने सीखा–** बुद्धि के बल पर बिना किसी को हानि पहुँचाए, बड़ी-से-बड़ी समस्या को भी हल किया जा सकता है।



**शब्दार्थ –** 1. उपाय 2. फाँसी देने वाला

# अभ्यास

## पाठ की समझ (Comprehension Skills)

- Listening and Writing Skills
- MCQs
- Oral Expression
- Fill in the Blanks
- Written Expression

**श्रुतलेख**

हाज़िर   वेशभूषा   धोखेबाज़   दौलत   जल्लाद   खिड़की

**पाठ के अनुसार सही विकल्प पर निशान (✓) लगाइए–**

(क) नौकर इतने वर्ष पहले मालिक की दौलत लेकर भाग गया था–

(अ) चार वर्ष ☐   (ब) छह वर्ष ☐   (स) दस वर्ष ☐

(ख) कोतवाल ने दोनों को कहाँ झगड़ते देखा था–

(अ) जंगल में ☐   (ब) सड़क पर ☐   (स) महल में ☐

(ग) किसने अपनी गरदन अंदर कर ली थी?

(अ) नौकर ने ☐   (ब) मीर अली ने ☐   (स) जल्लाद ने ☐

(घ) नकली मीर अली की पहचान की थी–

(अ) अकबर ने ☐   (ब) बीरबल ने ☐   (स) नौकर ने ☐

**इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–**

(क) कोतवाल किसे लेकर दरबार में हाज़िर हुए थे?

(ख) दोनों व्यक्ति स्वयं को क्या बता रहे थे?

(ग) बीरबल ने जल्लाद को किसकी गरदन काटने के लिए कहा था?

**उचित विकल्प चुनकर खाली स्थान भरिए–**

(क) दोनों अपने-आप को असली ____________ बता रहे थे। (शेर अली / मीर अली)

(ख) नौकर अपने मालिक की ____________ लेकर भाग गया था। (घोड़ी / दौलत)

(ग) अकबर भी उन दोनों को देखकर ____________ में पड़ गए थे। (उलझन / आश्चर्य)

(घ) खिड़की के बाहर एक ____________ खड़ा था। (सैनिक / जल्लाद)

(ङ) नौकर ने तुरंत अपनी ____________ अंदर कर ली। (गरदन / तलवार)

**इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) दरबार में एक जैसे दो लोग अपने-आप को क्या बता रहे थे?

____________________________________________

____________________________________________





Scanned with CamScanner

(ख) अकबर ने बीरबल से क्या कहा?

(ग) बीरबल ने मामले का हल किस प्रकार निकाला?

(घ) नकली मीर अली को किस अपराध की सजा मिली?

## मूल्यपरक प्रश्न (Values and Life Skills)

(क) झूठ बोलना अच्छी बात है या बुरी बात?

(ख) आप भी बुद्धि के प्रयोग से अपनी पुस्तकों के प्रश्नों को समझते और हल करते हैं बुद्धि के प्रयोग से किसी भी समस्या को हल किया जा सकता है। अब बताइए कि आप दैनिक जीवन में कहाँ-कहाँ बुद्धि का प्रयोग करते हैं।

## भाषा की समझ (Language and Vocabulary Skills)

- Opposite Words
- Double Consonants
- Suffix 'कर'
- Common Noun

1. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(क) दिन × ______ (ख) न्याय × ______

(ग) असली × ______ (घ) शहर × ______

(ङ) नौकर × ______ (च) आसान × ______

2. समान वर्ण से बना संयुक्त अक्षर **द्वित्व व्यंजन** कहलाता है।

उदाहरण देखकर समझिए और द्वित्व व्यंजन वाले तीन-तीन शब्द लिखिए–

(क) जल्लाद – **पल्लव** **हल्ला** **गल्ला**

(ख) बच्चा – ______ ______ ______

(ग) लज्जा – ______ ______ ______

(घ) उत्तर – ______ ______ ______

3. उदाहरण देखिए और इन शब्दों में 'कर' जोड़कर नए शब्द बनाइए–

(क) समझना + कर – समझकर (ख) सुनना + कर – ______

(ग) देखना + कर – ______ (घ) बोलना + कर – ______



Scanned with CamScanner

4. कुछ नाम किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु या स्थान का विशेष नाम होकर उस वर्ग या जाति का बोध कराते हैं। उन्हें **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं।

**इन शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा शब्द पर गोले ( ) लगाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गरदन | अकबर | जल्लाद | नौकर | बीरबल |
| कोठरी | अलीगंज | शहर | सड़क | दरबार |

## गतिविधियों के आयाम (Dimension of Activities)

* Verbal Literacy
* Research based Verbal Literacy
* Creative Skills

**1. आओ जानें**

बादशाह अकबर बुद्धिमानों और विद्वानों को बहुत आदर देते थे। उनके दरबार में नौ विद्वान थे, जिन्हें 'नवरत्न' कहा जाता था। इन नवरत्नों के नाम थे–

| | | |
|---|---|---|
| 1. अबुल फज़ल | 2. फैज़ी | 3. मियाँ तानसेन |
| 4. बीरबल | 5. टोडरमल | 6. राजा मानसिंह |
| 7. अब्दुल रहीम खान-ए-खाना | 8. फ़कीर अजीउद्दीन | 9. मुल्ला दो प्याज़ा |

इनमें से अब्दुल रहीम खान-ए-खाना के दोहे आप अपनी पाठ्यपुस्तकों में पढ़ते भी हैं। कवि रहीम का कोई दोहा कक्षा में सुनाइए।

**2. मेरी पसंदीदा कहानी**

अपने विद्यालय के पुस्तकालय में जाकर अकबर और बीरबल की अन्य मनोरंजक कहानियाँ पढ़िए। उनमें से जो कहानी आपको सबसे अच्छी लगती हो, उसे अपनी कक्षा में सुनाइए।

**3. मेरी राय**

किसी को फाँसी की सज़ा देना उचित है या नहीं? अपने विचार लिखिए।

**4. आओ कुछ नया करें**

वर्तमान प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अपने राज्य के मुख्यमंत्री के चित्र एकत्र कीजिए तथा उन्हें अपनी स्क्रैपबुक में चिपकाइए। चित्रों के नीचे उनके नाम भी लिखिए।



Scanned with CamScanner